डी० ए० वी० पब्लिक स्कूल जहानाबाद

प्रथम सावधिक परीक्षा 2026-27

कक्षा-8

विषय - हिंदी

सामान्य निर्देश :

1. सभी खण्ड अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें।
2. सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में चार खंड दिए गए हैं- खंड क, ख,ग और घ हैं।
4. खंड 'क' में अपठित बोध के आधार पर पांच प्रश्न हैं।
5. खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण के आधार पर पांच प्रश्न हैं।
6. खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक के आधार पर पांच प्रश्न हैं।
7. खंड 'घ' में रचनात्मकलेखन के आधार पर दो प्रश्न हैं।
8. प्रश्नों सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखें।

खंड - क (अपठित गद्यांश) (5×1=5)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुगमता से किया वह कार्य भी यदि आवश्यकता को पूरा न कर सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करें तो सर्वत्र उपवास का पात्र ही बनेगा उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है, जब उसका लाभ किसी को मिल सके इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फसल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ है। अवसर का उपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

1. जीवन में समय का महत्त्व क्यों है ?

   (क) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।

   (ख) समय की प्रवाह लोग नहीं करते हैं।

   (ग) समय बड़ा ही बलवान है।

   (घ) समय पर किया गया काम सफल होता है।

2. खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?

   (क) खेत में पौधे नहीं उगते हैं।

(ख) समय पर खेत की रखवाई नहीं करता।

(ग) खेत पर मौजूद नहीं रहता।

(घ) चिड़िया का इंतजार नहीं करता।

3. सफल शब्द का विलोम शब्द है ?

(क) नवीन

(ख) भड़काऊ

(ग) असफल

(घ) आक्रामक

4. सुंदरता में विशेषण शब्द है?

(क) सु

(ख) ता

(ग) उच्च

(घ) सुन्दर

5. सुंदरता शब्द में प्रत्मय क्या है?

(क) वि

(ख) सु

(ग) ता

(घ) दर

(5×2=10)

खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

1. अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।
2. 'ज्योत्स्ना' में कितने व्यंजनों के संयोग हैं ?

(क) दो

(ख) चार

(ग) पांच

(घ) छः

3. बादल की दो पर्यायवाची शब्द लिखें।
4. इक प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाए।
5. अल्प प्राण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

(3×5=15)

खंड -ग (पाठ्यपुस्तक)

1. दारा को लोग क्यों पसंद करते थे?
2. दरबारी दारा से ईर्ष्या क्यों करते थे?
3. पक्षियों के क्या अरमान हैं?
4. कमरे में बंद रहकर मिलने वाले खाने व पानी की जगह पक्षियों को क्या पसंद है और क्यों?
5. गर्मी का वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ता है है ?

(5×2=10)

खंड – घ (रचनात्मक लेखन)

1. अपने पाठ्य पुस्तक से आठ लाइन की कविता लिखे।
2. अपने क्षेत्र की गंदगी को साफ करवाने हित स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखे।

सेवा में,

……………………

जहानाबाद

विषय- …………………………

दिनांक-……………..

महोदय,

सविनय निवेदन है कि………………………………..

……………………………………………………..

……………………………………………………..

प्रार्थी

…………